प्रेस नोट

———00.———

आज दिनांक 18.11.2024 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर अंतर्गत स्कूल ऑफ वाईल्डलाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ, जबलपुर में एक मृत नर बाघ का शावक परीक्षण हेतु लायाा गया जो कि पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी अंतर्गत अरी बफर परिक्षेत्र की बीट मगरकठा कक्ष के अंतर्गत गश्ती के दौरान मिला था। मृत नर बाघ का शावक अनुमानित 4 माह का था। मृत नर बाघ शावक के शव को परीक्षण हेतु नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलगुरू प्रो. (डॉ.) मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन में एक टीम गठित की गई। शव परीक्षण के दौरान सभी अंग सुरक्षित पाये गये। प्रथम दृष्टया शव परीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि शावक की मृत्यु फेफड़ों में संक्रमण (निमोनिया) के कारण हुई है तथा नमूनें प्रयोगशाला परीक्षण हेतु एकत्र कर लिए गये है। मृत नर बाघ शावक का शव परीक्षण, स्कुल ऑफ वाईल्डलाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ, जबलपुर की संचालिका डॉ. शोभा जावरे की उपस्थिति में डॉ. निधि राजपूत, डॉ. अमोल रोकड़े, डॉ. राकेश बरैया एवं देवेंन्द्र पोधाड़े द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर